मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-454
12/12/2019

समस्तीपुर जिले के ताजपुर प्रखण्ड में जीर्णोद्धार कार्यों एवं आधारभूत संरचना निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

पटना, 12 दिसम्बर 2019 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज समस्तीपुर जिले के ताजपुर प्रखण्ड पहुॅचे। मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान अन्तर्गत रमापुर महेशपुर ग्राम के जीर्णोद्धार हुये पार्क का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने पार्क स्थित आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जंगलहिया पोखर के उड़ाही कार्य, जंगलहिया पोखर के भिंडा के चारो तरफ वृक्षारोपण कार्य, पोखर के पश्चिमी किनारे भिंडा पर सीढ़ी निर्माण कार्य, जंगलहिया पोखर के चारो भिंडा पर मिट्टी सह ईंटकरण कार्य, पोखर के उतरी एवं पश्चिमी किनारे तथा पूर्वी एवं दक्षिणी भिंडे पर दो इनलेट का निर्माण कार्य, पोखर के चारो तरफ भिंडा मिट्टीकरण कार्य, घेराबंदी कार्य और वार्ड 5 में हर घर नल का जल निर्माण कार्य एवं जंगलहिया पोखर के पश्चिमी भिंडा पर कैटल ट्रफ निर्माण कार्य समेत कई अन्य योजनाओं का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने जीविका एवं नाबार्ड के द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने पार्क परिसर में वृक्षारोण किया। जन मानष में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु जीविका दीदियों द्वारा तैयार सांप सीढ़ी के खेल की मुख्यमंत्री ने काफी प्रशंसा की। पार्क से निकलने के क्रम में मुख्यमंत्री ने बाहरी परिसर में स्प्रींकलर एवं टपकन सिंचाई के साथ कृषि के नवीनतम उपकरणों के नमूनों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर गन्ना उद्योग मंत्री सह समस्तीपुर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती बीमा भारती, विधायक श्री विद्या सागर सिंह निषाद, विधायक श्री राम बालक सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, सचिव ग्रामीण विकास श्री अरविंद चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, समस्तीपुर के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******